-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.04.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **बलबा, दंगा तथा अन्य आपात स्थितियों से प्रभावी रुप से निपटने के लिए पुलिस लाइन में किया गया दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास। एंटीराइट गन, आंसू गैस, चिल्ली बम, रबर बुलेट, प्लास्टिक पैलेट आदि हथियारों का प्रयोग कर स्थितियों से निपटने का किया गया अभ्यास।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आज दिनांक 02.04.2025 को पुलिस लाइन में संपूर्ण अस्त्र-शस्त्रों के साथ बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा दंगा नियंत्रण अभ्यास के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति को नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। जिसमें शस्त्रों का वास्तविक प्रयोग किया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस कर्मियों को सदैव सभी दंगा निरोधी उपकरणों से सुसज्जित रहने व स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने के साथ-साथ दंगा नियंत्रण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बलवा नियंत्रण हेतु प्रयोग किए जाने वाले सभी शस्त्रों जैसे एंटीराइट गन, प्लास्टिक पैलेट, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले, चिल्ली बम आदि हथियारों का प्रयोग कराते हुए सभी पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि सभी थाने अपने दंगा नियंत्रण संबंधी सभी उपकरण सदैव तैयार रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना पर त्वरित रिस्पांस दें। अभ्यास के दौरान जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी. प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।